



# मरीज के इलाज में कोताही, मांगे पैसे

**खास बातें**

- वृद्ध महिला के परिजनों ने एक डाक्टर पर लगाए कई आरोप
- सरकारी अस्पताल से सामने आया मामला, बनी जांच टीम
- नहीं सुधर रहे जिला अस्पताल के हालात

**नवभारत न्यूज.**

**विदिशा 19 जुलाई, जिला अस्पताल में अव्यवस्थाएं रूकने का नाम नहीं ले रही हैं जिसके चलते मरीजों व उनके परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. अब**



**एक वृद्ध महिला मरीज के इलाज में कोताही और उससे पैसे मांगने का आरोप एक डाक्टर पर सामने आया है. जिसकी तीन डाक्टरों की टीम द्वारा जांच की जा रही है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार विदिशा के पेढ़ी स्कूल खाई क्षेत्र निवासी 69 वर्षीय मुन्नी बी पत्नी रसीद खान को करीब 4 दिन पहले अटैक आने पर उनके परिजन जिला अस्पताल ले गए जहां एक डाक्टर ने उनका समुचित इलाज नहीं किया और उन्हे भोपाल ले जाने की सलाह दे दी और पता भी दे दिया कि कहां पर इलाज कराना है. मुन्नी बी के पुत्रों और शफीक अहमद और अतीक अहमद का आरोप है कि डाक्टर राजकुमार वर्मा ने उनकी मां का इलाज नहीं किया और भोपाल ले जाने की सलाह दे दी. अगले दिन फिर डाक्टर राजकुमार वर्मा आए और उन्होंने फिर भोपाल ले जाने की सलाह दी तो लगा शायद उन्हे फीस की आवश्यकता है इस पर फीस पूछने पर डाक्टर ने 1 हजार रुपए की मांग की जिस पर 500 रुपए ऑन कर दिए लेकिन डाक्टर ने इलाज नहीं किया. पुत्रों का आरोप है कि इस घटना के बाद उन्होंने डाक्टर प्रशांत बागरेचा से संपर्क किया तो उन्होंने भोपाल की जरूरत नहीं बताई और विदिशा में ही इलाज कर दिया. पुत्रों ने बताया कि इसके बाद उन्होंने इस घटना की जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डाक्टर अनूप वर्मा से शिकायत की है. जिसकी जांच की जा रही है और हम दोनों भाईयों के शुक्रवार को बयान भी हुए हैं तथा शनिवार को जिला अस्पताल से हमारी मां की छुट्टी भी कर दी गई है. उन्होंने दोषी डाक्टर पर कार्यवाही करने की मांग की है.

### जांच के बाद करेंगे कार्यवाही- सिविल सर्जन

इस संबंध में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डाक्टर अनूप वर्मा का कहना है कि उक्त पीड़ित महिला मरीज के पुत्रों द्वारा डाक्टर राजकुमार वर्मा पर इलाज में कोताही, भोपाल ले जाने तथा पैसे मांगने की लिखित शिकायत की गई है जिस पर हमारे द्वारा तीन डाक्टरों की टीम बना दी गई है जांच में अगर डाक्टर राजकुमार वर्मा दोषी पाए जाते हैं तो उन पर कार्यवाही की जाएगी.

# पुलिस कर्मियों पर प्रकरण दर्ज करने की मांग

**क्षत्रिय करणी सेना के नेतृत्व में राजपूत समाज ने सौंपा ज्ञापन**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 19 जुलाई, हरदा में करणी सैनिकों एवं सर्वसमाज द्वारा किये जा रहे शांतिपूर्वक आंदोलन में पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्ण तरीके से लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को क्षत्रिय करणी सेना के नेतृत्व में राजपूत समाज ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा.इस दौरान अनेक करणी सैनिक एवं राजपूत समाज के लोगों ने हरदा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की.**

प्रदेश उपाध्यक्ष उदय सिंह राठौड़ ने बताया कि हरदा में राजपूत समाज के अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे थे, लेकिन वहां के पुलिस प्रशासन ने द्वेषपूर्ण भावना रखते हुये लाठी चार्ज करवाने के साथ ही आंसू गैस के गोले करणी सैनिकों पर फेंके.समाज के अनेक युवाओं पर झूठा प्रकरण बनाकर जेल भेज दिया गया.वहीं राजपूत छात्रावास में घुसकर पुलिस बल का दुरूपयोग करते हुये निर्दोष लोगों पर लाठियां बरसाईं, इस घोर निदंनीय घटना से संपूर्ण राजपूत समाज में भारी आक्रोष है.

राष्ट्रीय महासचिव प्रताप सिंह सेंगर ने कहा कि हमने आज ज्ञापन देकर मांग है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष न्यायिक जांच हो तथा जांच पूरी होने तक हरदा के एसपी-कलेक्टर, संबंधित थाना प्रभारी एवं सभी दोषी पुलिसकर्मियों को प्रशासनिक दायित्वों से हटाया जाये.राजपूत भाईयों पर बर्बरतापूर्वक हमला करने वाले दोषी पुलिस कर्मियों पर धारा 307 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया जाये. राजपूत छात्रावास में घुसकर पुलिसकर्मियों द्वारा जो बर्बरता की गई है, उसकी निष्पक्ष जांच करायी जाये.हरदा में जिन निर्दोष भाईयों पर झूठे प्रकरण दर्ज किये गये हैं, वे शीघ्र वापस लिये जाएं.

महिला अध्यक्ष बबीता सिंह चैहान ने कहा कि हरदा पुलिस द्वारा छात्रावास में घुसकर तोड़फोड़ एवं मारपीट जैसे घोर निदंनीय कृत्य की हम घोर निंदा करते हैं, इसमें जो भी पुलिसकर्मी दोषी हैं, उन पर शीघ्र कठोर कार्यवाही की जाये, अन्यथा करणी सैनिकों के साथ हम सब क्षत्राणियां भी अब मैदान में उतरकर उग्र आंदोलन करने मजबूर होंगी.ज्ञापन में सौंपने वालों में श्यामवीर सिंह, विक्रम सिंह राजपूत, शैलेन्द्र सिंह राजपूत, नरेन्द्र सिंह पवार, फूल सिंह राजपूत, पार्षद अखिलेष राजपूत, नितिन सोम, निरंजन सिंह, नरेन्द्र सिंह राठौड़, आशीष तोमर, नरेन्द्र सिंह, संभाग अध्यक्ष अरविंद ठाकुर, योगेश्वर सिंह, जिला अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष भगत सिंह बैस, पियूष सिंह बैस, राहुल जादौन, बृजेन्द्र सिंह गोलू बना, भगवान सिंह राजपूत, सत्यम भदौरिया, शुभम राजपूत, आकाश राजपूत, जोगेन्द्र राजपूत, शैलेन्द्र राजपूत, शिवम जादौन, सत्यम जादौन, रोहित राजपूत, शिवराज ठाकुर, भगवान सिंह ठाकुर, जितेन्द्र सिंह ठाकुर सहित क्षत्राणियों में कार्यकारी अध्यक्ष रानी राजपूत, पूजा राजपूत, रेखा सेंगर, रानी उदयभान सिंह राजपूत आदि उपस्थित थीं.

**एक नजर में**

### कालादेव गौशाला में किया वैक्सीनेशन

**नवभारत न्यूज**

**आनंदपुर,** वर्षा ऋतु को देखते हुई पशु विभाग चुकाना हो गया है.पशुओं को वर्षा ऋतु में होने वाली अनेक बीमारियों से बचाने के लिये ग्राम पंचायत कलादेव में बनी शासकीय गौशाला में वैक्सीनेशन किया गया. पशु अस्पताल के डॉक्टरों की टीम द्वारा किया गया. सहयोग जन अभियान परिषद ग्राम विकास प्रस्फुट समिति बापचा के सदस्यों ने किया.इस वैक्सीनेशन में ग्राम पंचायत सरपंच व ग्राम वासियों की उपस्थिति रही.

### रैली निकाल लिया नशा मुक्ति का संकल्प

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत शनिववार को पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिला पुलिस एवं रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के तत्वाधान में ऑटो यूनियन के साथ मिलकर विदिशा के मुख्य मार्गों से एक भव्य रैली निकाली गई.इस रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह, थाना प्रभारी कोतवाली, थाना प्रभारी सिविल लाइन, आरपीएफ निरीक्षक एवं बड़ी संख्या में ऑटो यूनियन के सदस्य मौजूद रहे.रैली के दौरान ऑटो चालकों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया गया और सभी ने शराब व नशीले पदार्थों का सेवन न करने की शपथ ली.पुलिस द्वारा यह भी घोषणा की गई कि जो चालक नशे को हमेशा के लिए छोड़ देंगे, उन्हें सम्मानित किया जाएगा.यदि आपके आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री, संग्रहण या तस्करी हो रही हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें.

### रेत के अवैध भण्डारण की आकस्मिक जांच

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में प्रभारी खनिज अधिकारी प्रशांत कुमार तिवारी के नेतृत्व में खनिज निरीक्षक राजीव कदम हल्का पटवारी एवं मय अमले नगर सैनिक राजपाल राजपूत के साथ 16 जुलाई 2025 को तहसील बासोदा के ग्राम चैरावर स्थित शासकीय भूमि खसरा कमांक 227४1४4 रकबा 1.045 हे. के अंशभाग क्षेत्र में रेत का एक ढेर के रूप में रखा अवैध भण्डारण की आकस्मिक जांच के दौरान मौके पर उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि यह रेत लोकेश रघुवंशी पुत्र रामकृष्ण रघुवंशी निवासी ग्राम गमाखर ने डलवाई गई है.मौके पर रेत की माप की गई जिसमें 561.60 घनमीटर रेत (बजरी) को जप्त कर ग्राम कोटवार सूरजसिंह अहिरवार को सुपुर्दगी में दी गई. अवैध भण्डारणकर्ता के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रकरण कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाकर संबंधित को सूचना पत्र जारी किया गया तथा अवैध खनन परिवहन के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी.

# सवा 7 करोड़ से बनेंगी 11 सड़कें

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** जिला पंचायत, विदिशा ग्रामीण विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने जा रही है. जिले के विभिन्न ग्रामों को जोड़ने वाले 11 कच्चे मार्गों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पक्की सड़कों के रूप में विकसित किया जाएगा. यह सभी प्रस्ताव सांसद एवं कृषि किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की थी.इन मार्गों के निर्माण पर लगभग 7.25 करोड़ की लागत स्वीकृत की गई है. जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में इन प्रस्तावों को शीघ्र ही अनुमोदित किया जाएगा, जिससे निर्माण की दिशा में कार्य प्रारंभ हो सके. जिला पंचायत से जो सड़के स्वीकृति की गई हैं.उनमे पांझ से किरमची रुसली तक, मेन रोड से रसूलपुर तक, काल भैरव मंदिर से आवास बस्ती तक, ढोलखेड़ी, हिनौतिया, लश्करपुर रोड से जमालदी तक, भैरोखेड़ी (पीएमजीएसवाई रोड) से पिपरहूंटा बस्ती तक, शेरपुर कस्बा रोड से उमरखेड़ी तक खेजड़ा सुल्तान रोड से आवास बस्ती तक, करारिया लश्करपुर रोड से झाडौन बस्ती , मुहाना से आवास बस्ती मुहाना तक, काशीराम खेजड़ा से मुडराखेड़ा तक,आदर्श कॉलेज से निमखिरिया करार टपरा तक जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने कहा कि यह केवल पक्की सड़कें नहीं, बल्कि ग्रामीण आत्मनिर्भरता और समग्र विकास का मार्ग है। हम पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ इन कार्यों को आगे बढ़ाएंगे.द्वारा प्रस्तावित यह सड़कों की लंबे समय से ग्रामीण जनों की माँग रही हैं, जिन्हें अब सरकार की संवेदनशीलता और जिला पंचायत की सक्रियता से मूर्त रूप मिलने जा रहा है.

# कायस्थ समाज आज करेगा जिलेभर के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** स्व. ओमकार प्रसाद श्रीवास्तव की स्मृति में कायस्थ सभा द्वारा आज रविवार को चित्रगुप्त मंदिर में चित्रांश विद्या प्रतिभाशाली सम्मान समारोह एवं फ्यूचर कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मान समारोह में जिलेभर के करीब 70 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा. उन्होंने बताया कि 2024- 2025 प्रतिभा सम्मान के लिए 10वीं में 70 और 12वीं में 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शामिल किया गया है. साथ ही आईआईटी, नीट, पीएटी, सीए, बैंक पीएससी, आईएएस, आईपीएस एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित विदिशा जिले के कायस्थ समाज के विद्यार्थियों को भी शामिल किया है.सम्मान समारोह आज रविवार शाम 4.30 बजे से शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में होगा.

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं का नेत्र परीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** शासन के निर्देशानुसार शनिवार को विदिशा शहरी परियोजना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिका का नेत्र परीक्षण करवाया गया जिसमें माधवराव सिंधिया जिला चिकित्सालय के सहायक नेत्र चिकित्सक एवं सुनील जैन द्वारा 103 कार्यकर्ता, सहायिकाओं का नेत्र परीक्षण ऑटो रिफ्लेक्टोमीटर मशीन द्वारा किया गया एवं चश्मे का नंबर दिया गया.इस दौरान वार्डवॉय राकेश मालवीय उपस्थित रहे.परीक्षण में 200 से ज्यादा कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने आपनी जांच करवाई है. नेत्र चिकित्सक द्वारा नेत्र सुरक्षा की सलाह दी गई.

# सुभाष नगर सागर पुलिया पर हुये अतिक्रमण की लोगों ने की शिकायत, मौके पर पहुंचे पार्षद

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, शहर के सुभाष नगर सागर पुलिया क्षेत्र में पूर्व कलेक्टर पंकज जैन द्वारा अतिक्रमण हटाने और सार्वजनिक सुविधा के लिए शौचालय बनाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे. उनका उद्देश्य था कि आसपास कोई अवैध कब्जा न हो और नागरिकों को साफ-सुथरी सुविधाएं मिलें.लेकिन शौचालय निर्माण के बाद यहां एक व्यक्ति ने बाउंड्री वॉल तोड़कर दुकान बनाए जाने का मामला सामने आया है,जिससे स्थानीय रहवासी आक्रोशित हैं.**



रहवासियों ने इस अवैध कब्जे की शिकायत वार्ड पार्षदों से की.शिकायत मिलने पर सभी पार्षद मौके पर पहुंचे और विरोध दर्ज किया.शनिवार को शिकायत मिलने के बाद पार्षद संदीप सिंह डोंगर, शैलेन्द्र सरवैया,राजेश जैन, अशोक जाट, सूरज किरार, कम्मू सूर्यवंशी सहित कई लोग शामिल थे.सभी पार्षदों ने रहवासियों से लिखित शिकायत भी सुनी और आश्वासन दिया कि नगर पालिका प्रशासन से चर्चा कर इस अवैध निर्माण को तत्काल हटवाने की मांग की जाएगी.पार्षदों का कहना है कि यह कार्य पूर्व कलेक्टर के आदेशों की अवहेलना और सरकारी संपत्ति पर कब्जे का मामला है,जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.रहवासियों ने भी मांग की है कि प्रशासन जल्द कार्रवाई कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही करंगे.

# नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित हुयी व्याख्यानमाला

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** नशे से दूरी है जरूरी अभियान एवं गुरूदेव डॉ इन्द्रेश कुमार के आह्वान पर नशा मुक्त भारत बनाने के सकंल्प को लेकर व्याख्यान माला का आयोजन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार सेमरी मे आयोजित किया गया.कार्यक्रम के मुख्य वक्ता योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया नशा हमारे समाज की एक जटिल समस्या बन चुका है, जो दिन-प्रतिदिन और गहरी होती जा रही है. यह न केवल एक व्यक्ति के जीवन को बर्बाद करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी गहरा प्रभाव डालता है.नशा, चाहे वह शराब, सिगरेट, ड्रग्स, या डिजिटल नशा हो, व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बर्बाद करता है. नशे की आदतों में शराब, तम्बाकू, ड्रग्स हेरोइन, कोकीन, भांग आदि और अन्य हानिकारक पदार्थों का सेवन शामिल है.नशा मुक्ति अभियान भारत में नशे की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए एक संगठित प्रयास है. यह अभियान लोगों को नशे के खतरों से अवगत कराने, उन्हें सही मार्ग दिखाने, और नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करने का कार्य करता है. गुरूदेव इंद्रेश कुमार की मंशा अनुसार नशा मुक्ति अभियान का उद्देश्य लोगो मे जागरूकता फैलाना, लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सतर्क कर नशा मुक्त भारत बनाना है.






# बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए चल रहा अभियान

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु जिले में 20 दिवसीय जागरूकता अभियान 01 जुलाई से 20 जुलाई तक चलाया जा रहा है. अभियान अंतर्गत कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोडा द्वारा दल गठित किया गया. दल के सदस्य महिला एवं बाल विकास से श्याम कुमार शर्मा, अनुज जैन, संतोष रघुवंशी, विशेष किशोर पुलिस इकाई से रघुनन्दन कीर, सफल शिक्षा से मनोज कौशल, ममता



हेल्थ इंस्टिट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड विदिशा से अरविन्द मिश्रा, बचपन बचाओ से सुमित कुमार द्वारा शनिवार को शनि मंदिर बेतबा घाट विदिशा पर अभियान चलाया गया.शनि मंदिर और बेतवा घाट पर 07 बच्चे बाल भिक्षावृत्ति करते पाये गये, बाल भिक्षावृत्ती में लिप्त बच्चों एवं उनके परिजनों को बाल भिक्षावृत्ती कराना कानूनन अपराध है के विषय में बताया गया और वहां उपस्थित लोगों से अपील कि गईं कि बच्चों को भिक्षा नहीं शिक्षा दें, सभी बच्चों को स्कूल भेजें. साथ ही बताया गया कि जो भी बच्चे भिक्षावृत्ती करते दिखें उनकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दें.

**जांच** | **मलेरिया टीम द्वारा 309 घरों में सर्वे के दौरान सामने आयी स्थिति**

# 12 घरों में मिला डेंगू का लार्वा

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिला मलेरिया अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, नर्सिंग कालेज की छात्राऐं, उषा कार्यकर्ता के दल के द्वारा विदिशा नगरीय क्षेत्र के करैया खेड़ा, सुभाष नगर में सघन लार्वा सर्वे, आईईसी गतिविधि, डेंगू जागरूकता रथ से प्रचार-प्रसार, फॉगिंग दल के द्वारा कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया. मलेरिया टीम के द्वारा 309 घरों के 1474 कंटेनर का सघन लार्वा सर्वे किया गया,जिसमें 12 घरों में लार्वा पाया गया जिसे कीटनाशक दवा के द्वारा नष्ट कराया गया.** जनसमुदाय से अपील



है की वह अपने घर के सभी पानी के कंटेनर, कूलर, फ्रिज , टंकिया, टायर ,गमले ,पशु एवं पक्षियों को रखने वाले पानी के बर्तन टंकियों एवं सकोरों को प्रति सप्ताह जांच ले की कहीं एडीज मच्छर के लार्वा तो नही पनप रहे, व खाली कर सफाई कर दें. पानी के बड़े कंटेनर जिनकी सफाई व ढांकना संभव न हो तो उनमें मीठा तेल प्रति सप्ताह डालें. मच्छरों के काटने से स्वयं बचाव करें, पूरे शरीर ढ़कने वाले कपड़े पहने, दिन के समय बच्चों व वृद्धों एवं गर्भवती माताओं को मच्छरदानी के अंदर सोने की सलाह दी जावे, मॉस्किटो कॉइल का उपयोग करे, शाम के समय नीम पत्तियों का धुआं करें.तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, शरीर पर चकत्ते, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ों में दर्द, नाक व मसूड़ों से रक्तस्राव होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर डेंगू की जांच जिला चिकित्सालय विदिशा या अटल बिहारी वाजपेयी मेडीकल कालेज में डेंगू एलिसा टेस्ट नि:शुल्क कराएं.





